प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के अंतिम परिणाम जारी करने पर लगाई रोक, 22 जनवरी को होगी अगली सुनवाई।
- एक राष्ट्र एक चुनाव पर दो विधेयक लोकसभा में किये गये पेश, विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने का प्रस्ताव।
- चतरा में गृह सचिव एवं डीजीपी ने की उच्च स्तरीय बैठक, अफीम विनष्टीकरण और जमीनी स्तर पर हुए कार्यों की समीक्षा की।
- रांची समेत राज्यभर में कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित, मैकलुस्कीगंज में पारा दो डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा।
- हॉकी इंडिया ने रांची में होने वाले हॉकी इंडिया लीग मैचों में दर्शकों के लिए फ्री इंट्री की घोषणा की।

***************

झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के अंतिम परिणाम जारी करने पर रोक लगा दी है। इस मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को होगी। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि परीक्षा पेपर लीक होने के संबंध में दर्ज शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम 2023 के तहत पुलिस एफआईआर दर्ज करे और अनुसंधान कर रिपोर्ट दे। झारखंड हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया जारी रहेगी।

गौरतलब है कि झारखंड हाईकोर्ट में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई।

***************

एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयक आज लोकसभा में पेश किये गए। केन्द्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान 129वां संशोधन विधेयक–2024 और केन्द्रशासित प्रदेश विधि संशोधन विधेयक–2024 सदन के पटल पर रखे। केन्द्रीय विधि मंत्री ने जैसे ही विधेयक सदन में पेश किए तो विपक्षी दलों ने मत विभाजन की मांग की। 2 सौ उनहत्तर सदस्यों ने विधेयक पेश किए जाने के पक्ष में और 1 सौ अंठानबे सदस्यों ने इसके विरोध में मत किया। विपक्षी दलों ने विधेयक पेश करने का विरोध किया और इसे संविधान के बुनियादी ढांचे पर प्रहार बताया और विधेयक जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेजने की मांग की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस विधेयक को संविधान के खिलाफ बताया।

***************

श्री मेघवाल ने विपक्षी दलों के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि ये विधेयक संविधान की मूल संरचना के खिलाफ नहीं है। उन्होंने विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने का प्रस्ताव किया। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि इस अधिनियम पर विपक्ष सुधार की जगह विरोध वाली मानसिकता से काम कर रहा है।

वहीं झारखंड से राज्यसभा के सदस्य और भाजपा नेता दीपक प्रकाश ने कहा है कि एक राष्ट्र एक चुनाव देश के लिए शुभ संकेत है।

***************

राज्यसभा में आज भारतीय संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा में सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि  देश, संविधान सभा के उन सभी सदस्यों का ऋणी है, जिन्होंने भारतीय संविधान को आकार दिया। इस बीच उन्होंने धारा–370 को निरस्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया।

**************

केंद्र सरकार द्वारा झारखंड सरकार का 1 करोड़ 36 लाख रुपये बकाये से इनकार करने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा सांसदों से अपील की है वे इस बकाया राशि को दिलवाने के लिए संसद में अपनी आवाज बुलंद करें। अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर उन्होंने लिखा है कि झारखंड के विकास के लिए इस बकाये राशि की नितांत जरुरत है।

इस विषय पर राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि झारखंड रॉयल्टी का पैसा केंद्र सरकार से लेने के लिए न्यायिक रास्ता भी अपनाएगा।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने आज रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस संबंध में भू राजस्व विभाग के द्वारा कोल इंडिया को पत्र के माध्यम से 15 दिन के अंदर जवाब देने को कहा गया है।

**************

चतरा जिला मुख्यालय में आज विधि व्यवस्था एवं अफीम विनष्टीकरण को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में झारखंड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, गृह सचिव वंदना डाडेल सहित आईजी अभियान, आई जी सीआईडी, डीआईजी हजारीबाग के अलावा चतरा, लातेहार, हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक भी उपस्थित थे। इस बैठक में अफीम की अवैध खेती को नष्ट करने और जमीनी स्तर पर विधि व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि अफीम की खेती में संलिप्त लोगों पर शिकंजा कसा जाएगा।

**************

खरीफ विपणन मौसम 2024–25 में गोड्डा जिले में धान अधिप्राप्ति का कार्य आरंभ किया गया है। और जानाकारी के साथ हमारे संवाददाता–

**************

पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी के कारण रांची समेत राज्यभर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कल रांची के कांके का न्यूनतम तापमान तीन दशमलव तीन डिग्री जबकि मैक्लुस्कीगंज का न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया और ठंड की स्थिति को देखते हुए मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के सात जिलों गढ़वा, पलामू, चतरा, गुमला, रामगढ़, बोकारो तथा धनबाद के लिए शीतलहर का येलो अलर्ट री किया है।

**************

हॉकी इंडिया ने रांची में आयोजित होने वाली हीरो हॉकी इंडिया लीग–एचआईएल के सभी मैचों में दर्शकों के लिए फ्री इंट्री का फैसला किया है। यह कदम खेल को देश के हर कोने तक ले जाने और अपने उत्साही समर्थकों के लिए इसे और अधिक सुलभ बनाना हॉकी इंडिया के दृष्टिकोण का हिस्सा है।

******समाप्त******